
वाईस ऑफ़ जयपुर
VOICE OF JAIPUR™
e-mail : info@voiceofjaipur.com
हिन्दी व अंग्रेजी में साप्ताहिक लाइफ - स्टाइल अखबार
पेज 2
पंच परिवर्तन से होगा राष्ट्र परिवर्तन
REGISTERED WITH THE REGISTRAR OF NEWSPAPER FOR INDIA UNDER NO. : RAJBIL/2013/52890
web : www.voiceofjaipur.com | e-paper: www.voiceofjaipur.in
वर्ष -13 | अंक : 43 JAIPUR'S FIRST BI-LINGUAL (HINDI - ENGLISH) LIFE - STYLE NEWSPAPER
जयपुर, शनिवार 20 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 4, शुल्क - ₹ 5

## 12वें राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल – रिफ 2026 की कल्चर एम्बेसडर बनी राजस्थानी मधु




राष्ट्रीय – 26 दिसंबर 2025: राजस्थान पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य, संस्कृति विभाग , राजस्थान सरकार के सहयोग द्वारा एवं स्टेज ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ मिल कर राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) का 12वां संस्करण 31 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक मिराज सिनेमा, बलूसिटी मॉल, सर्किट हाउस रोड एवं भव्य कलोज़िंग सेरेमनी और RIFF अवॉर्ड नाइट 2026, 4 फरवरी 2026 को जयपोल, मेहरानगढ़ फोर्ट एवं चौकेलाओ महल टैरेस, जोधपुर में मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से जोधपुर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष RIFF 2026 का थीम है " सिनेमास्थान – आपका लेंस, हमारा राजस्थान "। यह आयोजन राजस्थान में सिनेमा को प्रोत्साहित करने में रिफ की सफल यात्रा के एक दशक को भी चिह्नित करेगा। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि " राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ)2026 के लिए मायूमी उर्फ राजस्थानी मधु को कल्चरल ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। "राजस्थानी मधु" के नाम से प्रसिद्ध मायूमी, टोकयो (जापान) की रहने वाली एक जापानी महिला हैं, जिन्हें वर्ष 2009 में पहली बार राजस्थानी लोक संस्कृति से परिचय हुआ। उसी दौरान उन्होंने घूमर और कालबेलिया नृत्यों को देखा और उनसे गहरा लगाव हो गया। इस कला से प्रेरित होकर उन्होंने विख्यात कलाकारों, विशेष रूप से आशा सपेरा, से प्रशिक्षण प्राप्त किया।" आज राजस्थानी मधु जापान में घूमर और कालबेलिया नृत्यों का शिक्षण देती हैं और भारतीय एवं जापानी संस्कृतियों के बीच एक सशक्त सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रही हैं। वे मंचीय प्रस्तुतियों, सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी यात्रा साझा करने और यहाँ तक कि हिंदी भाषा सिखाने के जरिए भी दोनों देशों को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। राजस्थानी कला के प्रति उनके गहरे समर्पण, पारंपरिक राजस्थानी परिधान पहनने की पहचान और विश्व स्तर पर इसकी सुंदरता के प्रचार के कारण वे एक लोकप्रिय सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में जानी जाती हैं। 12वें राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल – रिफ 2026 के लिए शॉर्ट, डॉकयूमेंट्री, एनिमेशन, म्यूजिक वीडियो एल्बम, वर्टिकल फिल्म्स , वेब सीरीज़, ऐड फिल्म्स , फीचर फिल्म , रीजनल फिल्म , राजस्थानी फिल्म और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। फिल्में www.riffjaipur.org और FilmFreeWay के माध्यम से जमा की जा सकती हैं। फिल्मों को जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है।





## RIFF 2026 Final deadline for film submissions is December 31, 2025




The 12th edition of the Rajasthan International Film Festival (RIFF), accredited by the Federation of Film Societies of India (FFSI), North Region, will be held from 31st January to 4th February 2026 at Miraj Cinemas , The Blue city Mall, Near Circuit House , Jodhpur, Rajasthan and RIFF 2026 Closing ceremony RIFF Award night 2026 at Mehrangadh Fort , Jodhpur. This year's festival will celebrate the theme "Cinemasthan – Your Lens, Our Rajasthan" (सिनेमास्थान – आपकी नज़र, हमारा राजस्थान), highlighting the vibrant connection between cinema and the cultural heritage of Rajasthan. The 2026 edition also marks a decade of RIFF's successful journey in promoting and celebrating cinematic excellence in the region.

Mr. Somendra Harsh, Managing Trustee of the RIFF Film Club and Founder, CEO, and Festival Director of RIFF, announced that the Grand Opening Ceremony of the Rajasthan International Film Festival 2026 will take place on 31st January in Jodhpur, featuring a series of film screenings, open forums, workshops, and talk shows over the course of five days. The RIFF Closing Ceremony and the prestigious RIFF Award Night 2026 will be held on 4th February 2026 at the Jaipol, Mehrangarh Fort & Chokelao Mahal Terrace, Jodhpur.Entries are now open for the 12th edition of RIFF, inviting submissions in diverse categories including Short Films, Documentaries, Animation Films, Feature Films, Regional Cinema, Rajasthani Films, Ad Films, and Music Video Albums. Filmmakers can submit their entries through the official website www.riffjaipur.org or via www.FilmFreeway.com/riff2026. The final deadline is 31st December 2025. For further details and updates, participants are encouraged to visit the RIFF website or follow RIFF on social media platforms.





वाईस ऑफ़ जयपुर
VOICE OF JAIPUR™
हिन्दी व अंग्रेजी में साप्ताहिक लाइफ स्टाइल अखबार

## EDITORIAL...



Somendra Harsh
Editor

विश्व महामारी कोविड 19 के तहत Voice of Jaipur का प्रकाशन केवल ऑनलाइन किया जायेगा। पाठकगण Voice of Jaipur की वेबसाइट www.voiceofjaipur.in/com पर विभिन्न खबरों को पढ़ सकते है। विभिन्न खबरों के साथ वॉइस ऑफ जयपुर अपने पाठकों के सुझाव, लेख, विशेष आलेख भी आमंत्रित करता है जिनमें से चुनिंदा लेखों को हम अपने आगामी अंकों में प्रकाशित करेंगे। अन्य खबरों में भी बहुत कुछ, पढ़ते रहिये आपका अपना Voice of Jaipur लाइफ स्टाइल अखबार।

**Team Voice of Jaipur**

email : info@voiceofjaipur.com

Chief Editor
**Somendra Harsh**

Owner/Publisher/Printer
**Anshu Harsh**

Photo Journalist
**Eshan Harsh**

Graphic Designer
**Dheeraj Jalan**

Office Executive
**Naba Ahmed**

## HEALTH TIPS

**To prevent the spread of COVID-19:**

> Clean your hands often. Use soap and water, or an alcohol-based hand rub.
> Maintain a safe distance from anyone who is coughing or sneezing.
> Don't touch your eyes, nose or mouth.
> Cover your nose and mouth with your bent elbow or a tissue when you cough or sneeze.
> Stay home if you feel unwell.
> If you have a fever, a cough, and difficulty breathing, seek medical attention. Call in advance.
> Follow the directions of your local health authority.

VOJ

# पंच परिवर्तन से होगा राष्ट्र परिवर्तन




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने एक सौ साल पूरे होने के मौके पर आने वाले समय के लिए समाज में परिवर्तन लाने का बीड़ा उठाया है। संघ ने समाज में परिवर्तन के अपने दृष्टिकोण को पंच परिवर्तन के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके तहत लाखों स्वयंसेवक काम में जुटे हुए हैं। संघ की मान्यता है कि समाज में बड़ा बदलाव केवल कुछ लोगों के प्रयासों से नहीं बल्कि संपूर्ण समाज की शक्ति से ही संभव है। यह ऐसा विचार है जो समाज के जीवन में समयानुकूल परिवर्तन लाने की बात तो करता ही है, राष्ट्रहित में जीवन को ढालने का आग्रह भी इसमें है। अपने पर्व पर संघ ने समाज के सामने पंच परिवर्तन के जिस विचार को रखा है, वह केवल कोई नारा या अभियान नहीं है बल्कि इससे बढ़कर एक दीर्घकालिक सामाजिक संकल्प है। आरएसएस का यह विश्वास रहा है कि राष्ट्र का निर्माण केवल या नीतियों से नहीं होता बल्कि समाज के स्वभाव, संस्कार और आचरण से होता है। पंच परिवर्तन की अवधारणा इसी सोच का विस्तार है। यह कोई क्षणिक विचार नहीं है बल्कि सौ वर्षों के अनुभव, प्रयोग और मंथन का निचोड़ है। संघ के स्वयंसेवक वर्षों से समाज के भीतर काम करते हुए इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यदि परिवर्तन स्थायी चाहिए तो उसे समाज की जड़ों तक पहुंचना होगा। संघ चालक मोहन भागवत बार-बार कह चुके हैं कि पंच परिवर्तन भारतीय समाज की दिशा और दशा तय करने वाले हैं। यह कथन केवल औपचारिकक भाषण का हिस्सा नहीं बल्कि उस आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है जो समाज की सामूहिक शक्ति पर भरोसा करता है। संघ का मानना है कि कुछ चुनिंदा लोग समाज को नहीं बदल सकते। समाज स्वयं जब बदलने का निश्चय करता है, तभी राष्ट्र बदलता है। सवाल उठता है कि आखिर पंच परिवर्तन कया है? इस है कि इसमें देश का आमूलचूल परिवर्तन छिपा हुआ है। पंच परिवर्तन के पांच सूत्रों में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य को लिया गया है और ये सूत्र दरअसल आधुनिक भारत के सामने खड़ी जटिल चुनौतियों का समग्र और समस्याओं का समाधान हैं। हमें ये सूत्र अलग-अलग दिखते जरूर हैं लेकिन भीतर से एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। किसी एक को नजरअंदाज करके दूसरे को साधा नहीं जा सकता। हमें सभी सूत्रों को एकरूपता में देखना होगा। अगर सबसे पहले सामाजिक समरसता की बात करें तो देश की विविधता उसकी ताकत भी है और उसकी चुनौती भी है। जाति, वर्ग, क्षेत्र और भाषा के नाम पर उपजने वाले तनाव हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते हैं। संघ हमेशा से यह माननता आया है कि जब तक समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और अपनापन नहीं बढ़ेगा, तब तक 'विकसित भारत' को यथार्थ रूप नहीं दिया जा सकता। सामाजिक समरसता बढ़ेगी तो व्यर्थ के विवादों से मुक्ति मिलेगी और ऊर्जा निर्माण में लगेगी, टकराव में जाया नहीं होगा। इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण आज किसी एक संगठन या देश का मुद्दा नहीं है बल्कि यह मानवता का सवाल बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, घटते जल-स्रोत और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन सीधे-सीधे जन-स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। पंच परिवर्तन सृष्टि को 'माता' मानकर जीवन शैली में बदलाव की वकालत करता है। संघ का कहना है कि सृष्टि सभी प्राणियो की मां के समान है जो हमारे जीवन का आधार है लेकिन भौतिकतावादी जीवन शैली और उपभोग की अंधी दौड़ के कारण प्रकृति का निरंतर शोषण हुआ है। पश्चिमी विकास के चिंतन पर आधारित इस मॉडल ने मात्र पांच सौ सालों में पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ कर रख दिया है। संघ पंच परिवर्तन के जरिए इसमें सुधार चाहता है और उसकी सोच केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है बल्कि उसमें उपभोग की आदतों पर पुनर्विचार का आग्रह है। संघ इसके तहत कम उपभोग, संतुलित जीवन और प्रकृति के साथ सह अस्तित्व की बात करता है।

इसी प्रकार स्वदेशी आचरण का सूत्र हमें हमारी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरणा देता है। संघ के लिए स्वदेशी की अवधारणा यह केवल आर्थिक नीति तक सीमित नहीं है बल्कि सांस्कृतिक आत्म विश्वास का मुद्दा भी है। स्वदेशी अपनाने से स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बल मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और आर्थिक असमानता कम करने की दिशा बनती है। आज आय की असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। जहां एक ओर कुछ लोग आसानी से करोड़ों के फ्लैट बुक करा लेते हैं और दूसरी ओर बड़ी आबादी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। ऐसे में स्वदेशी आचरण सामाजिक न्याय का भी माध्यम बन सकता है, यह संघ बता रहा है। पंच परिर्वतन के पांचों सूत्र परस्पर जुड़े हुए हैं। इन्हें अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। फिर भी मुझे लगता है कि कुटुंब प्रबोधन शायद पंच परिवर्तन का सबसे संवेदनशील और गहरा सूत्र है। आधुनिक जीवन की दौड़ में संयुक्त परिवार टूटे हैं, एकल परिवार बढ़े हैं और उसके साथ ही अकेलापन, तनाव और सामाजिक असुरक्षा में भी इजाफा हुआ है। संघ का मानना है कि परिवार केवल निजी इकाई नहीं है बल्कि राष्ट्र निर्माण की पहली पाठशाला है। संस्कार, संवाद और स्नेह से भरा कुटुंब समाज को स्थिरता देता है। जब कुटुंब मजबूत होते हैं, तो समाज स्वतः सशक्त होता है। एक सशक्त समाज से ही सशक्त देश की परिकल्पना साकार होती है। इसी प्रकार नागरिकों के कर्तव्य का विचार महत्वपूर्ण है। जब से देश आजाद हुआ है हम अपने अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन कर्तव्यों से दूर होते जा रहे हैं। नागरिक कर्तव्य का सूत्र हमें जिम्मेदारियों का बोध करवाता है। स्वच्छता, अनुशासन, सेवा और कर्तव्य बोध किसी सरकारी आदेश से नहीं आता है बल्कि इसके लिए आंतरिक संकल्प जरूरी है। पंच परिवर्तन प्रत्येक नागरिक से जीवनशैली में स्वच्छता, अनुशासन, सेवा और कर्तव्य बोध के मूल्यों को उतारने पर जोर देते हैं। इसके जरिए संघ हर देशवासी को जिम्मेदार नागरिक बनाना चाहता है कयोंकि जिम्मेदार नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होते हैं। मुझे संघ शताबदी वर्ष के कई आयोजनों में जा कर सार्थक विमर्श का हिस्सा बनने का सौभाग्य हासिल हुआ है। मैंने पाया है कि शताबदी वर्ष में संघ का जोर पंच परिवर्तनों पर ही है। संघ का हर स्वयंसेवक पंच सूत्रों के जरिए समाज में परिवर्तन पर काम करने के लिए उत्साहित है। संघ पंच परिवर्तन का यह विचार लेकर आया है, उसके लिए उसकी श्लाघा की जानी चाहिए मगर इस विचार को यथार्थ के धरातल पर उतारने के लिए सबको काम करना होगा। कयोंकि जब तक परिवर्तन धरातल पर दिखाई नहीं देगा, तब तक हमारा देश समर्थ, विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व गुरु नहीं बन पाएगा। दिशा और दशा में यदि वास्तविक बदलाव आता है तो अनेक समस्याओं के समाधान के रास्ते अपने-आप खुलने लगते हैं। यही कारण है कि संघ के स्वयंसेवक देश भर में पंच परिवर्तन के विचार को समाज के अंतस तक पहुंचाने में जुटे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भी पंच परिवर्तन की पहल को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उनका जोर इस बात पर है कि आर्थिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे। यह दृष्टि शासन और समाज के बीच सेतु का काम कर सकती है। पंच परिवर्तन के सूत्र हमें आत्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाले हैं। यदि हम इन पांच सूत्रों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लें तो कया चहुंमुखी बदलाव संभव है। सिर्फ बातों से यह होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें अपने परिवार में संवाद बढ़ाना होगा। समाज में समरसता का व्यवहार करना होगा। प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, स्वदेशी को अपनाना और नागरिक कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। अगर हम ऐसा कर लेंगे तो कोई वजह नहीं कि परिवर्तन न हो। यह परिवर्तन लाना अपरिहार्य है। कयोंकि यह परिवर्तन परिवार में बदलाव लाएगा। उसके बाद यह समाज को बदलेगा और समाज के बदलने से राष्ट्र का बदलना तय है। सही मायने में पंच परिवर्तन से ही राष्ट्र परिवर्तन संभव है। यह केवल विचार नहीं है बल्कि समय की पुकार भी है। हर देशवासी को समय की इस पुकार को सुनना चाहिए।



VOJ PRESS NEWS

प्रो. महेश चंद गुप्ता

(लेखक प्रख्यात चिंतक, विचारक और शिक्षा विद् हैं। वह 44 सालों तक दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाते रहे हैं।)

## Important Phone Numbers

**Police 100 | Fire 101 | Ambulance 102/108 | Child line 1098 | During Suffer 2760012**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Places of Jaipur | Contact No | Tongia | 2370271 | BMW | 18001032211 | Subway (Crystal Palm) | 5106767 |
| Amber Fort | 2530293 | Tagore | 6450553/54 | Mercedes | 9214362626 | Talk of the Town (MI Road) | 2363153 |
| City Palace | 4088888 | SK Soni | 2232409 | Ford | 18001022020 | Nut Bolt (Malviya Nagar) | 9828889999 |
| Nahargarh Fort | 5148044 | Blood Banks | Contact No | Honda | 18001033121 | Cakes & Others | Contact No |
| Jaigarh Fort | 2671848 | Women Hospital | 2610616 | Hyundai | 18001024645 | Bake Hut (MI Road) | 2362811, 9314030033 |
| Sisodia Garden | 2680494 | Durlabhji | 2566251/52/53 | Maruti Suzuki | 18004200 | Brown Sugar | 4016611 |
| Rani Garden | 2680494 | SMS | 2560291 | Tata Motors | 18002097979 | The Chocolatiere | 9352056222 |
| Tourist's info | Contact No | Swasthya Kalyan | 2721771 | Volkswagen | 18001020909 | Chocolika | 9828441888 |
| RTDC by night | 2375466 | Zanana Hospital | 2738721 extn 219 | LPG | Contact No | Bake Home (Vaishali) | 2353475 |
| RTDC travel section | 2200778 | SK Soni | 2232410 | Indane | 2771867 | Order Rose | Contact No |
| Tourist Info Centre | 5110598 | Eye Bank | Contact No | HP | 2740087 | Fems & Petals (Tilak Nagar) | 2622077 |
| Tourist Info (Airport) | 2725708 | Eye Bank Society | 2604117, | Bharat Petroleum | 2740688 | Bagiya (Rajapark) | 9829088413 |
| Tourist Info (Sindhi Camp) | 2206720 | Medicines 24 Hours | Contact No | Utilities | Contact No | Blossom (MI Road) | 2362214 |
| Hospitals | Contact No | Apollo Pharmacy | 6001111 | JVVNL | 2208999 | Diamond Florist (MI Road) | 9314507198 |
| Apex | 2751871/73 | Vrindavan Medicals (Stn. Road) | 5106568 | JMC | 5110111 | Flora (Malviya nagar) | 2520707 |
| Cancer | 2700107 | Rungata (Malviya Nagar) | 2522001 | Forex | Contact No | Spa & Beauty | Contact No |
| Bhandari | 2703851 | Guardian (Durlabhji) | 4025763/65 | Haldia (MI Road) | 2372051 | Ziva (C-Scheme) | 4026173 |
| Fortis | 2547000 | Wheelchairs/Oxygen | Contact No | Thomas Cook (Raja Park) | 2360801 | Kiaora (Trimurti Circle) | 2577588 |
| Jaipuria | 2552034,2551460 | Times Surgical Co | 2373125 | Pinky | 9828519111 | Spandan (Bapu Nagar) | 4002774 |
| JK Lone | 2619827 | Shubra Trading Co | 2365688 | Dial to Dish | Contact No | Kerala Ayurveda (Bani Park) | 5106743 |
| Sanjeevani | 2290060 | Surgicare | 9828023232 | Dominos | 6888688 | Chakrapani Ayur (Shanti Path) | 2620746 |
| Durlabhji | 2566252 | Help on Road | Contact No | Pizza Hut (MI Road) | 4008628/30 | Shalini (C-Scheme) | 9784581091 |
| SMS | 2560291 | City Car | 5106046 | Pizza Hut (Malviya Nagar) | 4034779/81 | | |
| Soni | 2562028 | Audi | 18001036800 | Subway (Narayan Singh) | 9828136495 | | |

## Employment alert

**Candidates required for internship for the below profiles-**

**Node JS Backend Developer Intern**
**PHP Front end developer Intern**
**Duration : 3 Months**
**Interested candidates may share the resumes at hr@peacock.solar keeping subject line as"Internship for Web developer"**

## आपका भविष्य

साप्ताहिक भविष्यफल जयपुर, शनिवार 20 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2025

पंडित एन.डी. पुरोहित
8107629864
purohithelpline@gmail.com

**मेष** — 13 अप्रैल से 14 मई
विवाद की बजाय समझदारी से अपने कार्य को अंजाम दें राह आसान होगी। आशंकाओं के चलते आप फैसले लेने से बचेंगे, समझदारी से काम लें एवं जरुरी निर्णय लें। धन मिलने की संभावना है। **शुभ अंक 6 व शुभ रंग सफेद।**

**वृष** — 15 मई से 14 जून
कुछ लोग जानबूझ कर नुकसान पहुँचाने की कोशिश करेंगे। लोगों की दखल अंदाजी के कारण आपकी व्यवस्था बिगड़ सकती है, संयम व विवेक से काम लें। पारिवारिक संबंधों में विवाद बढ़ने के आसार है। **शुभ अंक 3 व रंग लाल।**

**मिथुन** — 15 जून से 15 जुलाई
अटका धन मिल सकता है। भावुकता के कारण की गई गलती पर पछतावा होगा। विवके से काम ले। मित्रता की आड़ में धोखा हो सकता है। सावधानी रखे। **शुभ अंक 1 व शुभ रंग क्रीम।**

**कर्क** — 16 जुलाई से 16 अगस्त
युवा कॅरिअर को लेकर भ्रमित रहेंगे और विद्यार्थी परीक्षा को लेकर चिंतित रहेंगे। सहयोगी से धोखा हो सकता है। उधारी को लेकर टकराव संभव है। जोखिम के कार्यो में रुचि बढ़ेगी। **शुभ अंक 6 व शुभ रंग हरा।**

**सिंह** — 17 अगस्त से 16 सितंबर
के कार्य आसानी से पूरे होंगे। निजी मामलों में बाहरी दखल से बात बिगडने की संभावना है। प्रेम संबंधों में विवाद हो सकता है। मन की बात स्पष्ट कर देने से उलझने दूर होंगी। **शुभ अंक 5 व शुभ रंग सफेद।**

**कन्या** — 17 सितंबर से 16 अक्टूबर
गुप्त षड्यंत्रों से परेशान रहने की संभावना है। सामाजिक जीवन में सम्मान बढ़ेगा। सेहत बिगड़ने की संभावना है जिससे रोजमर्रा के कार्य बाधित हो सकते हैं। झूठ बोलने से बचें। **शुभ अंक 9 व शुभ रंग लाल।**

**तुला** — 17 अक्टूबर से 13 नवंबर
अधूरे कार्य पूरे करने के लिए पूरी ताकत लगानी पड़ सकती है। अधिकारियों से बातचीत में संयम बरतने की आवश्यकता है। अपनी प्रतिक्रिया देने से बचे आप गलत समझे जा सकते है। व्यवसाय में लाभ हो सकता है। **शुभ अंक 1 व शुभ रंग पीला।**

**वृश्चिक** — 14 नवंबर से 14 दिसंबर
उच्चाधिकारियों से लाभ मिल सकता है। कार्य में पूरा मन लगाए। कुछ लोग जानबूझ कर नुकसान पहुचानेकी कोशिश करेंगे। संयम व विवके से काम लें। पारिवारिक संबंधों में विवाद सुलझने के आसार है। **शुभ अंक 8 व शुभ रंग काला।**


**धनु** — 15 दिसंबर से 13 जनवरी
कार्यों में विलंब से परेशान रहेंगे। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिससे आपके कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। लेन-देन के मामले सुलझने की उम्मीद है। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रह सकता है। **शुभ अंक 4 व शुभ रंग हरा।**

**मकर** — 14 जनवरी से 13 फरवरी
प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के आसार हैं। कार्यभार की अधिकता के कारण परिवार को समय देने में दिक्कत हो सकती है। कुँआरी कन्याओं को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। **शुभ अंक 1 व शुभ रंग पीला।**

**कुंभ** — 14 फरवरी से 13 मार्च
आयात निर्यात से अच्छा लाभ मिल सकता है। आवागमन में सावधानी बरते। विवादास्पद मामले परेजान कर सकते है। व्यापारिक विस्तार हो सकता है। **शुभ अंक 1 व शुभ रंग लाल।**

**मीन** — 14 मार्च से 12 अप्रैल
उच्चाधिकारियों से व्यर्थ का मनमुटाव हो सकता है। कार्य में पूरा मन लगाए। कुछ लोग जानबूझ कर नुकसान पहुचाने की कोशिश करेंगे। संयम व विवके से काम लें। पारिवारिक संबंधों में विवाद सुलझने के आसार है। **शुभ अंक 5 शुभ रंग नीला।**

**नोट - यह फलादेश स्थूल फलादेश मात्र है, सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्मपत्री से विचारना चाहिए।**




## YOUR FEEDBACK IS IMPORTANT FOR US

We'll be glad to get your feedback for our new Life Style news paper. You can send us news & information about events, programmes at info@voiceofjaipur.com You can also meet us at our office VOICE OF JAIPUR, 406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg C-Scheme, Jaipur. For more details contact us on 9414044548 or 9413401555. Thank you. Stay connected!!




## ANDROID APP

**Health Tips**
**Health & Fitness**




Are you facing health issues? Find health and fitness tips to stay active and healthy all through your life. These health tips(in hindi) that will change your life. Give yourself a boost with these health tips.

## VOJ CLASSIFIED

### बेचना

**5 कम्प्यूटर मय मॉनीटर** के साथ, अच्छी कंडीशन में बिकाऊ। संपर्क 406, सी-43, गुरूकृपा टॉवर, महावीर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर दूरभाष 4014474, 9414044548

### आवश्यकता

A reputed Print Media Co. required Marketing Executives, fresher may also apply. 406, 4th Floor, C-43, Gurukripa Tower, Mahaveer Marg, C-Scheme, Jaipur Ph.: 4014474, 9414044548

वाईस ऑफ़ जयपुर
VOICE OF JAIPUR™
हिन्दी व अंग्रेजी में साप्ताहिक लाइफ - स्टाइल अखबार

| | |
|---|---|
| Classified (Upto 25 words) (Rs. 5/- per extra word max. 55 words) | 200/- |
| Display Classified Fix size of 6cm. x 1 column | 1000/- |
| Extra for bigger size on every 1 sqcm (Per column) | 200/- |

For Advertisement and Subscription
Call : +91 - 9414044548, 9314044548, 9214044548, 9413401555
Email : info@voiceofjaipur.in, Web : www.voiceofjaipur.in

# मानव सेवा संघ, प्रेम निकेतन आश्रम का वार्षिक उत्सव सम्पन्न




जयपुर। मानव सेवा संघ, प्रेम निकेतन आश्रम का वार्षिक उत्सव अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शरणानंद जी महाराज के स्मरण के साथ किया गया। इसके पश्चात श्री शेखर गर्ग, डॉ. भारतीय, श्री आर. सी. बंसल, श्री आनंद मिश्रा एवं मुख्य वक्ता शास्त्री कौसलेन्द्र दास जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत आगे बढ़ाने हेतु ईश्वर से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रेम निकेतन आश्रम द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों प्रेम निकेतन अस्पताल, प्रेम निकेतन सेकेंडरी स्कूल, जराचिकित्सा एवं नर्सिंग केयर सेंटर (तष्टष्ट), शुभ शांति निवास वृद्धाश्रम, आयुर्वेद पंचकर्म केंद्र, दंत चिकित्सा केंद्र एवं गौशाला की भूमिका और समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में प्रेम निकेतन सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश पंचरत्न स्तोत्र पर आधारित गणेश वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया तथा लघु नाटिका लव–कुश द्वारा श्रीराम को सुनाई गई रामकथा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डॉ. महेश शर्मा (शास्त्री कौसलेन्द्र दास) — डीन, दर्शनशास्त्र संकाय, जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, मदाऊ ने अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कार और सेवा भाव को जीवन में उतारने का संदेश दिया। आश्रम की गतिविधियों पर आधारित एक लघु डॉकयूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को प्रेम निकेतन की सेवा यात्रा से भावनात्मक रूप से जोड़ा। मानव सेवा संघ के अध्यक्ष श्री शेखर गर्ग ने आश्रम की सेवा एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला, वहीं श्रीमती मीना गर्ग ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सेवा को जीवन का मूल मंत्र बताया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम से जुड़े सेवा–भावी सहयोगियों का सम्मान कर उनके प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें श्रीमती आशा टाक ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। मानव सेवा संघ का यह वार्षिक उत्सव सेवा, संस्कार और समर्पण का जीवंत उदाहरण बनकर उपस्थित सभी के हृदय में प्रेरणा का संचार कर गया।

## MANIPAL UNIVERSITY JAIPUR ORGANISES FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME




A three-day Faculty Development Programme on Universal Human Values (UHV) was successfully organised by the UHV Cell and Directorate (Academic Administration) of Manipal University Jaipur as per AICTE (All India Council for Technical Education). The objective of this FDP was to strengthen value-based education, ethical competence, holistic personality development, and harmony in personal and professional life among teachers. Many teachers from various faculties of the university enthusiastically participated in this programme. During the programme, sessions were conducted through interactive lectures and group discussions. The FDP was conducted by AICTE resource person Dr. B.K. Sharma, Regional Coordinator, NWR, NCCIP, AICTE, Dr. Piyush Sharma, Regional Coordinator, NWR, NCCIP, AICTE, and Dr. Mahendra Pratap Singh as Observer.

## A WOMEN'S HEALTH AWARENESS SESSION FOR THE RCCI WOMEN WING




An awareness session on "Women's Health Across Life Stages – PCOD, Premenopause & Menopause" for members of the Rajasthan Chamber of Commerce & Industry (RCCI) – Women Wing at its campus. It was conducted by Santokba Durlabhji Memorial Hospital (SDMH), Jaipur. The session was led by Head of the Department – Obstetrics & Gynaecology, SDMH, Dr. Nishi Gupta, who highlighted key health concerns affecting women at different stages of life. She spoke on early symptoms, lifestyle interventions, and the importance of timely medical consultation in managing conditions such as PCOD and menopause-related health issues. The programme was chaired by Sonika Maharwal and Chandni Jagga. An interactive discussion followed the presentation, enabling participants to seek expert advice and address common health queries. SDMH reaffirmed its commitment to preventive healthcare and community awareness through such educational initiatives in collaboration with industry bodies.






# The 'Mahakumbh' of Gems & Jewellery 'Jaipur Jewellery Show' to conclude with 16,000 VISITORS


VOJ PRESS NEWS

The third day of the Jaipur Jewellery Show (JJS), currently underway at the Jaipur Exhibition and Convention Centre (JECC), witnessed a record-breaking footfall on Sunday. Owing to the weekend holiday and the onset of the festive season, over 16,000 visitors attended the show. The record attendance generated great enthusiasm among jewellers and exhibitors participating in the event. According to traders, this year's JJS has been more successful and commercially profitable compared to other jewellery shows. JJS Honorary Secretary, Mr. Rajiv Jain stated that this year, the theme of JJS is also focused on coloured gemstones. For this purpose, a dedicated section for gemstones has been created in Hall No. 2 at the venue, which is providing jewellers greater ease in interacting with customers and conducting business activities. During the show, a noticeable increase in interest towards coloured gemstones has been recorded. Meanwhile, with the onset of the wedding season, considerable interest was also seen among customers in bridal jewellery. According to JJS Honorary Secretary Mr Rajiv Jain, the theme of JJS this year is also centred on coloured gemstones. A dedicated gemstone section has been created in Hall No. 2 at the venue, facilitating better interaction between jewellers and customers and enabling smoother business engagement. Shows that offer such a vast, well-organised and aesthetically curated space for grand jewellery displays are rare, giving JJS a distinct identity among India's leading jewellery events. Traders are expecting strong business activity with customers on the final day of the show. JJS Joint Secretary and Spokesperson, Mr Ajay Kala stated that due to the rising gold prices this year, customers at the show are showing a preference for lower-carat gold jewellery with broader designs, while in coloured gemstones, a noticeable inclination towards natural stones has been observed. Networking Dinner to Strengthen Trade and Industry Connections JJS Vice Chairman, Mr Dinesh Khatoria stated that a networking dinner was organised on the evening of the second day of the Jaipur Jewellery Show at the InterContinental Hotel. A live music performance by popular Bollywood singer and actor Paresh Pahuja added vibrancy to the evening. The dinner provided leading jewellers, exhibitors and designers from the gems and jewellery industry with an opportunity to strengthen business relationships, explore new partnerships, and discuss emerging industry trends. On this occasion, JJS 2025 Brand Ambassador and Miss Universe India 2023, Ms Shweta Sharda, felicitated 12 members of the Coloured Gemstone Promotion Group with trophies. Notably, this promotion group was formed specifically to promote JJS's theme for the year — Coloured Gemstones.

## KEYA AGARWAL BADHALIA'S NEW BOOK 'LUXURY UNCUT' PRESENTS A FRESH VISION ON GEMS



VOJ PRESS NEWS

The new book 'Luxury Uncut: How Technology Is Rewriting the Value of Gems' by Jaipur-based young entrepreneur Keya Agarwal Badhalia was launched on Monday during the 'Uncut Segment' of the ongoing Jaipur Jewellery Show (JJS) at the Jaipur Exhibition and Convention Centre (JECC). The book launch took place at the Rashmikant Durlabhji Auditorium at JECC, in the presence of JJS Honorary Secretary, Mr Rajiv Jain, JJS Vice Chairman, Mr Dinesh Khatoria, JJS Joint Secretary, Mr Ajay Kala, along with other members of the JJS Organising Committee. Speaking on the occasion, Keya said, "Launching my first book at Jaipur Jewellery Show, one of the leading platforms of the gems and jewellery industry, is a matter of great pride for me. This book is an adapted version of my academic thesis developed during my time abroad. It not only explores the history and heritage of gemstones but also analyses their future in a rapidly evolving technological landscape. For this book, I have relied on old auction records, expert interviews, and gemmology research reports. These have helped bring to light the key factors that influence the value of a stone in today's changing luxury market." On this occasion, JJS Honorary Secretary, Mr Rajiv Jain expressed his appreciation and said, "Keya's book is a significant contribution to the gems and jewellery industry. Platforms like JJS must encourage more young professionals, as the new generation works in a far more modern and advanced manner. Research-based books like this will help strengthen consumer trust in gems and jewellery in the years to come."

## Motorola Edge 70 Goes on Sale



VOJ PRESS NEWS

New Delhi, 23rd December 2025: Motorola, a global leader in mobile technology and innovation and India's leading AI smartphone brand#, today announced the sale of its thinnest and most uncompromised smartphone — the motorola edge 70 — at an effective price of just ₹28,999*. Designed to redefine what an ultra-slim smartphone can deliver, the motorola edge 70 combines an industry-leading 5.99 mm ultra-thin design with flagship pro-grade cameras, advanced AI intelligence, long-lasting battery life, and military-grade durability. Powered by the powerful Snapdragon® 7 Gen 4 Mobile Platform, the motorola edge 70 introduces next-generation performance and intelligence with a dedicated AI key. The chipset delivers faster CPU and GPU performance along with a significant boost in on-device AI capabilities, enabling seamless multitasking, smooth gaming, and intelligent everyday experiences. Users can choose between moto ai 2.0, Microsoft Copilot, Google Gemini, and Perplexity, unlocking true multi-platform AI freedom. The device is equipped with 8GB LPDDR5X RAM and 256GB UFS 3.1 storage, supported by an advanced vapor-chamber cooling system for sustained performance. Photography on the motorola edge 70 sets new benchmarks as India's only ultra-thin smartphone with three 50MP AI cameras. The setup includes a 50MP OIS main camera with 2.0μm Ultra Pixel technology, a 50MP ultra-wide + macro camera, and a 50MP front camera, all supporting 4K 60FPS video recording.







Owned, Published & Printed by **Anshu Harsh** and Printed at Amber Offset (P) Ltd., D.L. Tower, 3-A, Vidyaasharam Institutional Area, J.L.N. Marg, Jaipur - 17 and Published from 406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg, C-Scheme, Jaipur Editor : **Somendra Harsh**